मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 192, मुंबई, बुधवार, 7 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर






## गद्दारों की भीड़ से नहीं, मुट्ठीभर वफादारों से जीत सकते हैं युद्ध

## उद्धव का अमित शाह पर निशाना

**मुंबई।** शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। मातोश्री में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि गद्दारों की भीड़ से युद्ध नहीं जीत सकते, लेकिन मुट्ठीभर वफादारों से युद्ध जीता जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, कल मुंबई में मंगलमूर्ति और अमंगलमूर्ति दोनों दिखे हैं। मेरे पास अब सिर्फ वफादार शिवसैनिक हैं। वफादारी नहीं बिक सकती चाहे जो बोली लगा लें।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**





## नीतीश का मिशन 2024

### दिल्ली में 5 विपक्षी नेताओं से मिले, 13 को साथ लाने का टारगेट, मकसद 500 सीटों पर बीजेपी से लड़ाई



**ना PM पद का दावेदार, ना चाहत है**

*PM चेहरे के सवाल पर नीतीश कुमार का बयान...*

**नई दिल्ली।** बिहार में भाजपा को सत्ता से दूर करने के बाद नीतीश कुमार मिशन 2024 की तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को वे 3 दिन के दौरे पर दिल्ली पहुंचे। पहले दिन ही उन्होंने विपक्ष के 5 बड़े नेताओं से मुलाकात की। इनमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कर्नाटक के पूर्व पूर्व और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार शामिल हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**





## वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी दिलशाद एस. खान ने गणपति बप्पा का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

### देश की तरक्की और खुशहाली के लिए बप्पा से की कामना

**मुंबई।** इन दिनों देशभर में गणेश उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। किसी ने अपने घर पर बप्पा को स्थापित किया है तो कोई शहर में लगे बप्पा के पंडाल में जाकर उनका आशीर्वाद ले रहा है। बता दें कि आजाद बंगला, नाडियाडवाला कॉलोनी - 1, एस.वी. रोड, मलाड - पश्चिम मुंबई में पुरुषोत्तमलाल रामकुमार जैन चैरिटेबल सोसाइटी (ट्रस्ट) रजि. के संस्थापक - अध्यक्ष पुरुषोत्तमलाल रामकुमार जैन ने भी अपने आवास पर गणपति बप्पा को स्थापित किया है। पुरुषोत्तमलाल रामकुमार जैन ने अपने आवास पर गणपित बप्पा का दर्शन करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी व दै. मुंबई हलचल समाचार पत्र के संपादक दिलशाद एस. खान को आमंत्रित किया था।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## मुंबई में हिंदू रीति रिवाजों के साथ साइरस मिस्त्री का किया गया अंतिम संस्कार



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री का मंगलवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिस्त्री की रविवार को कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह 54 वर्ष के थे। मध्य मुंबई के वर्ली में इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में हिन्दू रीति रिवाजों से उनका अंतिम संस्कार किया गया। मिस्त्री, 2012 से 2016 तक टाटा संस के अध्यक्ष थे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

# लिज ट्रस की जीत

लगभग दो महीने इंतजार के बाद ब्रिटेन को अपना नया नेता मिल गया है। कंजर्वेटिव या दक्षिणपंथी नेता लिज ट्रस देश की नई प्रधानमंत्री होंगी। राजनीतिक संकट के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 7 जुलाई को इस्तीफा दे दिया था, पर नया प्रधानमंत्री चुने जाने तक वह पद पर रहे। अब लिज ट्रस प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ लेंगी। खास यह है कि ट्रस का मुकाबला ऋषि सुनक से था। एक तरह से सुनक ने ही जॉनसन के खिलाफ बगावत की बिगुल की शुरूआत की थी। सुनक उनके वित्त मंत्री थे, जबकि लिज ट्रस विदेश मंत्री। ट्रस को अपेक्षाकृत उदार देखा गया, जबकि सुनक चुनाव को लेकर कुछ ज्यादा सक्रिय थे। यही कारण है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भी लिज के समर्थन में दिख रहे थे। अंततः लिज ट्रस ने पार्टी के अंदर हुए चुनाव में सुनक को काफी पीछे छोड़ दिया। आखिरी चरण में ट्रस को 81,326 वोट हासिल हुए, जबकि सुनक को 60,399 वोट मिले। जो नतीजे आए हैं, उन पर किसी को आश्चर्य नहीं है। पिछले पंद्रह दिन से लगभग यह तय लग रहा था कि ट्रस मुकाबले में आगे निकल गई है। गौर करने की बात है कि पार्टी के सांसदों ने सुनक के पक्ष में वोट दिया था और उनका प्रधानमंत्री बनना एक समय तय लग रहा था, लेकिन पार्टी प्रतिनिधियों के बीच चुनाव की शुरूआत हुई, तो धीरे-धीरे सुनक की लोकप्रियता घटती गई और लिज ट्रस मजबूती के साथ सामने आती गईं। अंतिम चरण में सुनक की हार कतई निराशा का कारण नहीं है। लिज एक अच्छी नेता हैं और ज्यादा अनुभवी भी। सुनक की निष्ठा पर वह सवाल खड़े करने में सफल रही हैं। सुनक दरअसल भारतीय उद्यमी नारायणमूर्ति के दामाद हैं और उनकी पत्नी अभी भी ब्रिटेन में टैक्स नहीं देती हैं और इसके अलावा सुनक ग्रीन कार्ड होल्डर हैं, मतलब जरूरत पड़ने पर वह अमेरिका काम करने जा सकते हैं। इन बातों का जब ट्रस ने प्रचार किया, तो इसका काफी असर पड़ा, पर गौर करने की बात है कि एक कुशल वित्त सलाहकार ऋषि सुनक का यहां तक पहुंचना बहुत गर्व की बात है। वैसे सुनक के पास पर्याप्त समय है, वह अभी महज 42 साल के हैं। अगर वह सेवा में लगे रहे, तो ब्रिटेन में उनका भविष्य उज्ज्वल है। उनकी सफलता न केवल भारतीय मूल के लोगों, बल्कि विदेशी मूल के तमाम लोगों का ब्रिटेन में मनोबल बढ़ाएगी। ज्यादा अनुभवी ब्रिटिश नेता लिज ट्रस की यह जीत बहुत मायने रखती है। वह ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। उनके पहले वहां दो महिलाओं को यह गौरव हासिल हुआ है। मार्गरेट थैचर ग्यारह साल (1979-1990) से ज्यादा समय तक देश की प्रधानमंत्री रही थीं और तीन चुनावों में उन्हें जीत हासिल हुई थी। उसके बाद थेरेसा मे तीन साल प्रधानमंत्री रही थीं। अब ट्रस पर जिम्मेदारी आ पड़ी है कि वह पार्टी को अगले चुनाव में जीत दिलाएं। ब्रिटेन आज आंतरिक और विदेशी मोर्चों पर कई चुनौतियों से गुजर रहा है। संघर्ष करते हुए राजनीति में शिखर पर पहुंची ट्रस को नए ब्रिटेन के निर्माण की मशाल को आगे ले जाना है। यह नया ब्रिटेन, जहां ऋषि सुनक जैसे नेताओं के लिए भी पूरी जगह है। अपने-अपने देशों में राजनीतिक नेतृत्व करने के लिए लालायित भारतवंशी नेताओं को सबक लेना चाहिए। जहां आप रहते हैं, वहां के प्रति संपूर्ण निष्ठा ऐसे सुनिश्चित होनी चाहिए कि किसी को उंगली उठाने का रत्ती भर मौका न मिले।

# कांग्रेस को निरंतरता की जरूरत



**कांग्रेस** पार्टी ने रामलीला मैदान में बड़ी रैली की है। महंगाई पर हल्ला बोल रैली में भीड़ जुटी थी और अब कांग्रेस नेता निश्चिंत होकर कुछ दिन आराम कर सकते हैं। याद करें कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने इससे पहले कब प्रदर्शन किया था! कांग्रेस ने 26 जुलाई 2021 को संसद के मॉनसून सत्र के दौरान महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया था। राहुल गांधी ट्रैक्टर चला कर संसद पहुंचे थे। एक दिन राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेता साइकिल से भी संसद गए थे। लेकिन उस प्रदर्शन के बाद 14 महीने तक कांग्रेस के नेता महंगाई के खिलाफ सिर्फ ट्विटर पर ही अभियान चलाते रहे। इन 14 महीनों में महंगाई बढ़ती रही थी, बल्कि ज्यादा बढ़ती रही थी। थोक और खुदरा महंगाई काबू से बाहर रही। लगातार छह महीने से ज्यादा समय से खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की ओर से तय की गई अधिकतम सीमा से ऊपर रही है। थोक महंगाई दर पिछले एक साल से दहाई में है। लेकिन इस दौरान कांग्रेस बयान देने और सोशल मीडिया में अभियान चलाने के अलावा कुछ नहीं कर रही थी। लोग महंगाई से त्रस्त हैं लेकिन भाजपा ने उनको कहीं हिजाब के विवाद में तो कहीं हलाल मीट और ईदगाह मैदान में गणेशोत्सव मनाने के विवाद में तो कहीं बुलडोजर और मंदिर के विवाद में उलझाया हुआ है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भी इन्हीं मुद्दों में उलझी हुई हैं। कांग्रेस ने पिछले साल जुलाई में जब महंगाई के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था तो उसने निरंतरता नहीं रखी। अगर उसके बाद भी वह पूरे देश में महंगाई के खिलाफ अभियान चलाती रहती तो उसे इसका राजनीतिक फायदा होता। लेकिन इसका उलटा हुआ। लोग महंगाई से त्रस्त थे फिर भी पांच राज्यों के चुनाव में से चार में भाजपा जीती और एक में आम आदमी पार्टी। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। जाहिर है कांग्रेस के राजनीतिक अभियान में निरंतरता की कमी है, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। पिछले प्रदर्शन के 14 महीने के बाद कांग्रेस ने जो रैली की है क्या उससे पार्टी कोई मैसेज बनवाने में कामयाब हुई है? ऐसा नहीं लग रहा है। कांग्रेस एक सफल रैली के बावजूद महंगाई का मैसेज नहीं बनवा पाई तो उसका कारण यह है कि पार्टी महंगाई दिखाने वाले दृश्यों का निर्माण नहीं कर सकी। पिछले साल के प्रदर्शन में राहुल और विपक्ष ने बहुत मजबूत प्रतीकों का इस्तेमाल किया था। साइकिल और ट्रैक्टर के जरिए प्रदर्शन प्रभावशाली हुआ था। लेकिन रामलीला मैदान की रैली में ऐसा कोई ऑप्टिक्स नहीं दिखा। कांग्रेस जब इतनी बड़ी रैली कर रही थी तो उसे लोगों के दिल-दिमाग को प्रभावित करने वाले दृश्य बनवाने चाहिए थे। याद करें कैसे भाजपा जब विपक्ष में थी और रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 10 रुपए की भी बढ़ोतरी होती थी तो पार्टी के बड़े नेता सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते थे। सब्जियां महंगी होती थीं तो बड़े नेता सब्जियों की माला पहन कर प्रदर्शन करते थे। लेकिन कांग्रेस की इतनी बड़ी रैली से ऐसा कोई दृश्य नहीं बन पाया।

कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से भी सबक लिया होता तो कुछ ऐसा कर सकती थी। पिछले दिनों केसीआर ने प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाले पोस्टर छपवाए, उन पर गैस सिलेंडर की 1,105 रुपए की कीमत छपवाई और उसे सिलेंडर पर चिपका कर उसका एक मैसेज बनवाया। कांग्रेस भी अपनी रैली में ऐसा कर सकती थी। यूपीए सरकार जब सत्ता से बाहर हुई थी तो रसोई गैस के एक सिलेंडर की कीमत 410 रुपए थी, जो आज 11 सौ रुपए से ज्यादा है। इससे बड़ा महंगाई का प्रतीक कुछ नहीं हो सकता है। कांग्रेस को रैली में सिर्फ इस पर फोकस करना था। लोग सिलेंडर लेकर आते, दूध की थैलियां और आटे की बोरियां लेकर आते। सब्जियों की माला पहन कर लोग रैली में हिस्सा लेते। पेट्रोल और डीजल की महंगाई के प्रतीक बनवाए जाते। और सबसे ऊपर राहुल गांधी अपने भाषण में सिर्फ महंगाई पर बोलते। उनके भाषण के कम से कम 90 फीसदी हिस्सा महंगाई पर केंद्रित होना चाहिए थे। लेकिन अफसोस की बात है कि वे उन सारे मामलों पर बोलते रहे, जिनके बारे में भाजपा चाहती है कि वे बोलें। विभाजनकारी नीतियों और नफरत फैलाने की नीतियों पर राहुल का बोलना भाजपा के वोट बढ़वाता है। इसका यह मतलब नहीं है कि उनको इस पर नहीं बोलना चाहिए लेकिन चार सितंबर का दिन महंगाई पर हल्ला बोल का था। राहुल गांधी ने अपने भाषण में सबसे हैरान करने वाली बात यह कही कि 'जब कोई विकल्प नहीं बचा तो पार्टी ने जनता के बीच जाने का फैसला किया'। उन्होंने सात सितंबर से शुरू हो रही भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में यह बात कही। उनके भाषण में जिसने भी यह लाइन लिखी उसे राजनीतिक का ककहरा नहीं मालूम है। राजनीति में जनता के बीच जाना आखिरी विकल्प नहीं होता है, बल्कि पहला और एकमात्र विकल्प होता है। वह भी विपक्षी पार्टियों की राजनीति तो जनता के बीच ही चलती है। कोई भी विपक्षी पार्टी यह कैसे कह सकती है कि सरकार की गलत नीतियों का मुकाबला वह पहले किसी दूसरे माध्यम या दूसरे विकल्प से कर रही थी और जब कोई विकल्प नहीं बचा तो जनता के बीच जा रही है? यह लाइन बोल कर राहुल गांधी ने स्वीकार किया है पिछले आठ साल से वे और उनकी पार्टी जनता के बीच नहीं जा रहे थे। सवाल है कि जब जनता के बीच जा ही नहीं रहे थे तो फिर क्या राजनीति कर रहे थे? बहरहाल, तीन बातें साफ हो रही हैं। पहली निरंतरता की कमी है। दूसरी, ऑप्टिक्स बनाने पर काम नहीं होता है और तीसरी बात यह कि भाषण से भी कोई मैसेज नहीं बनता है। कांग्रेस अगर एक मुद्दे पर लगातार सरकार को घेरती रहे और लोगों के दिमाग में धारणा बनवाए तभी किसी राजनीतिक अभियान का कोई फायदा मिल सकता है। महंगाई, बेरोजगारी और देश की अर्थव्यवस्था की बुरी दशा ये तीन मुद्दे हैं, जिन पर कांग्रेस लगातार फोकस बनाए रखे तो लोग इसे समझेंगे। क्योंकि ये चीजें सीधे लोगों से जुड़ी हुई हैं। लेकिन इसमें भी उलटा हो रहा है। आधे अधूरे आंकड़ों के दम पर सरकार और भाजपा यह साबित करने में कामयाब हो रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था कमाल की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसकी दो तीन मिसालें हैं। जैसे चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर साढ़े 13 फीसदी रही। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन हकीकत यह है कि वास्तविक जीडीपी अब भी 2020 के बराबर है। वित्त वर्ष 2020-21 में माइनस 24 फीसदी का लो बेस होने की वजह से पिछले दो वित्त वर्ष में पहली तिमाही में विकास दर ऊंची रही है।

इसी तरह ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का हल्ला मचा। पर हकीकत यह है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय ढाई हजार डॉलर है और ब्रिटेन में 47 हजार डॉलर यानी भारत के मुकाबले 20 गुने से ज्यादा। देश के लोगों की कंडिशनिंग ऐसी हो गई है कि वे जीएसटी की वसूली बढ़ने का जश्न मनाते हैं। उनको पता ही नहीं है कि उनकी जेब से पैसे निकाल कर सरकार जीएसटी राजस्व बढ़ा रही है। अगर कांग्रेस अपनी रैली में इन आंकड़ों की हकीकत बताती तो बेहतर होता। भयावह महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखाने के लिए पावरफुल प्रतीकों का इस्तेमाल करती तो उससे लोगों के दिमाग को प्रभावित करने में मदद मिलती। कांग्रेस ने वह मौका गंवाया है। इसके बावजूद अगर वह अब भी निरंतरता रखती है और भारत जोड़ो यात्रा में भी महंगाई के मुद्दे उठाती है तो उसे राजनीतिक लाभ हो सकता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंब्रा शहर के शंकर मंदिर परिसर में नशेड़ी के आतंक से स्थानीय रहिवासी बुरी तरह से हो रहे परेशान

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर के शंकर मंदिर परिसर में नशेड़ीओ का आतंक का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में स्थानीय रहवासी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शंकर मंदिर स्थित जासमीन अपार्टमेंट नामी इमारत के बगल में चरसी और नशेड़ीओ ने अपना अड्डा बना लिया है जिसमें वह बैठकर रात और दिन नशे का सेवन करते हैं जिससे स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है यह नशेड़ी नशा करने के बाद रास्ते से गुजर रही महिलाओं के साथ में छेड़छाड़ करते हैं गाली गलौज करते हैं दो पहिया वाहन से रात के समय में पेट्रोल की चोरी किया करते हैं बताया जा रहा है यह



नशेड़ीओ का अड्डा लगभग 10 वर्षों से इस परिसर में कायम किया गया है और यहीं से नशा बेचने का कारोबार भी किया जाता है यहां पर नशेड़ी चरस, गांजे, एमडी का मेडिसिन नशा कोरेक्स जैसे नशीली अमली पदार्थ का सेवन करने का और बेचन करने का काम इस परिसर में किया जा रहा है जिसमें स्थानीय रहवासी बुरी तरह से परेशान है इनकी दादागिरी और गुंडागर्दी के आगे स्थानीय रहवासियों ने चुप्पी साधी रखी हुई है क्योंकि यह नशेड़ी स्थानीय रहवासियों को धमकी देते हैं अगर हमारे खिलाफ या हमारे नशे के खिलाफ किसी ने भी कोई आवाज उठाई तो परिणाम अच्छा नहीं होगा इसी डर के कारण चुप होकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं गत 4 अगस्त रविवार शाम के समय स्थानीय रहवासियों एकत्रित हो कर नशेड़ीओ के खिलाफ मुंब्रा पुलिस में शिकायत की उनकी शिकायत पर दो पुलिसकर्मी ने आकर इनके अड्डे को तोड़ फोड़ दिया फि लहाल कार्रवाई का कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन स्थानीय रहवासियों ने मुंब्रा पुलिस से गुहार लगाई है की कृपा यहां पर ध्यान दें और रात के वक्त पेट्रोलियम टीम को भेज दिया करें ताकि हम लोगों को इन नशेड़ीओ से और उनके आतंक से मुक्ति मिल सके।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

## वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी दिलशाद एस. खान ने गणपति बप्पा का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



दिलशाद एस. खान ने पुरुषोत्तमलाल रामकुमार जैन के आवास पर पहुंचकर गणपित बप्पा का दर्शन कर उनका आर्शिवाद। साथ दिलशाद एस. खान ने देश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी बप्पा से कामना की। एक तरफ जहां आज नेताओं की वजह से देश में हिंदु-मुस्लिम में नफरतें फैलाई जा रही हैं, वहीं दिलशाद एस. खान हिंदु-मुस्लिम भाईचारे के बीच एक मिसाल हैं। दिलशाद एस. खान ने कहा कि गणपति बप्पा का मैं हर साल अपने दोस्तों के घरों पर जाकर दर्शन करता हूं और और उनका आशीर्वाद लेते हूं, साथ ही मैं हमेशा देश की खुशहाली और तरक्की की मन्नतें भी मांगता हूं। इस दौरान दिलशाद एस. खान ने सभी देशवासियों को गणेश उत्सव का शुभकामनाएं दी। इस दौरान बप्पा का दर्शन करने के लिए मॉडल व फिल्म अभिनेत्री फिरदौश खान, सामना के वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह, सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत सिंह और अन्य लोग मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी द्वारा मुंब्रा रेलवे स्टेशन परिसर पर रेलवे प्रशासन के खिलाफ किया गया विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** रेलवे प्रशासन द्वारा मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर सैमी फास्ट लोकल ट्रेन रद्द करने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन प्राणघातक दुर्घटनाएं सामने आ रही है इसको लेकर मुंब्रा शहर में सभी राजनीतिक पार्टी रेलवे प्रशासन का विरोध करते हुए नजर आ रही है गत 6 सितंबर मंगलवार सुबह 9:30 बजे आम आदमी पार्टी द्वारा कलवा मुंब्रा के विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर अल्तमश फैजी के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा विरोध प्रदर्शन कर जमके रेलवे प्रशासन के विरुद्ध में नारेबाजी की सौतेला व्यवहार मुंब्रा शहर वासियों के साथ आखिर क्यों किया जा रहा है आपको बताते चलें आम आदमी पार्टी द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुंब्रा रेलवे स्टेशन प्रबंधक भिड़े को पत्र सौंपा गया



पत्रकारों से बात करते हुए आप के डॉक्टर अल्तमश फैजी ने बताया की रेलवे प्रशासन द्वारा मुंब्रा शहर वासियों के साथ में आखिर कब तक सौतेला व्यवहार किया जाएगा कब तक भीड़भाड़ के कारण मुंब्रा शहर वासियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा उन्होंने बताया आज हमने पत्र रेलवे प्रशासन के मुंब्रा स्टेशन प्रबंधक को दिया है उसमें हमने मांग की है कि जो सैमी फास्ट लोकल ट्रेन रेलवे प्रशासन द्वारा रद्द कर दिया गया था उसको तुरंत शुरू किया जाए एसी लोकल गाड़ियां बढ़ाई जाएं और उसका किराया आधे से भी कम रखा जाए मुंब्रा से पेन जाने का किराया जो रेलवे प्रशासन की तरफ से दुगना किया गया था उसे फौरन वापस लिया जाए मुंब्रा से मुंबई सीएसटी लोकल ट्रेन सुबह के वक्त मैं कम से कम तीन लोकल ट्रेनों की शुरूआत की जाए यदि तुरंत मुंब्रा से ना हो तो दिवा से इसकी शुरूआत की जाए एस्केलेटर सरकते जीने सभी प्लेटफार्म पर स्थापित किए जाएं यह तमाम मांगों को लेकर आज हमने पत्र दिया है उन्होंने बताया हम लोगों ने 6 दिन पहले ही पत्र रेलवे प्रशासन के तमाम आला अधिकारी को दिया गया था परंतु कल रात में ही हम लोगों को 149 का नोटिस दिया गया और हमारा विरोध प्रदर्शन को रोकने की कोशिश की गई और कारण बताया गया गणपति का माहौल है फिलहाल हम भी गणपति के त्यौहार को देखते हुए खामोश हो गए हैं लेकिन जल्द अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो हम अपनी पूरी ताकत के साथ रेल रोको आंदोलन करेंगे इस मौके पर उपस्थित आम आदमी पार्टी के डॉक्टर अल्तमश फैजी, ठाणे दुरिया घड़ियाली, अध्यक्ष मोहम्मद बगदादी, अशरफ सैयद, अजीम शेख, सुनील यादव, सलमान लंजेजेकर की उपस्थिति में यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

### उद्धव का अमित शाह पर निशाना

मुंबई में गणपति का दर्शन करने पहुंचे अमित शाह ने सोमवार को महाराष्ट्र बीजेपी के नेताओं के साथ बैठक की और बीएमसी चुनाव में बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट को जीत हासिल करने के मंत्र दिए। अमित शाह ने बीजेपी के नेताओं को कहा कि ठाकरे ने बीजेपी को धोखा दिया है और इस धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि वह मुंबई नगर निकाय चुनाव (बीएमसी चुनाव) में बीजेपी को आसमान दिखा देंगे। एकनाथ शिंदे गुट और भाजपा मिलकर बीएमसी चुनाव लड़ेगी। अमित शाह ने उन्हें 150 सीटों का लक्ष्य दिया है। शिवसेना ने भी 150 सीटों का लक्ष्य रखा है। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में यह सियासी टकराव और तेज होगा। मातोश्री में शिवसेना नेता भास्कर जाधव, अरविंद सावंत की मौजूदगी में शिवसैनिकों की बैठक हुई। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने शिवसेना के तमाम नेताओं से बातचीत की। ठाकरे ने यहां अमित शाह के चैलेंज का जवाब दिया है।


### मुंबई में हिंदू रीति रिवाजों के साथ साइरस मिस्त्री का किया गया अंतिम संस्कार

महाराष्ट्र के पालघर जिले में रविवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की मौत हो गई थी। वे दोनों दक्षिण गुजरात स्थित उदवाडा से लौट रहे थे जो पारसी धर्म के लोगों के लिए सबसे पवित्र स्थल है। मिस्त्री का पार्थिव शरीर सफेद फूलों से सजे वाहन में जे जे अस्पताल से लाया गया था और मंगलवार सुबह से वर्ली शवदाह गृह में रखा गया था ताकि मित्र और रिश्तेदार उनको श्रद्धांजलि दे सकें। पारसी समुदाय के सदस्यों, व्यवसायियों और नेताओं ने मिस्त्री के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। साइरस मिस्त्री के बड़े भाई शापूर मिस्त्री, श्वसुर और वरिष्ठ वकील इकबाल छागला, उद्योगपति अनिल अंबानी और अजित गुलाबचंद तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले इस मौके पर उपस्थित थीं।

### नीतीश का मिशन 2024

इसके अलावा ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और ओडिशा के सीएम बीजू जनता दल के नेताओं से भी नीतीश की मुलाकात प्रस्तावित है। राजनीतिक गलियारों में नीतीश के दिल्ली दौरे को विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद से ही नीतीश लगातार विपक्षी नेताओं से संपर्क साध रहे हैं। अगर, नीतीश के प्रयास सफल रहे तो 2024 के चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के साथ-साथ सभी क्षेत्रीय पार्टियां साथ आ सकती हैं।

# मुंबई में गणेश उत्सव के छठे दिन 48 हजार से ज्यादा मूर्तियां विसर्जित की गई



**मुंबई।** गणपति उत्सव के छठे दिन मुंबई में समुद्र, तालाबों और कृत्रिम झीलों में भगवान गणेश की 48 हजार से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर निकाय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत 31 अगस्त को हुई थी। श्रद्धालुओं ने छठे दिन सोमवार को विभिन्न समुद्र तटों, तालाबों और कृत्रिम झीलों में भगवान गणेश और देवी गौरी की मूर्तियां विसर्जित की। मंगलवार को सुबह तक, 48,029 मूर्तियां विसर्जित की जा चुकी थीं। इनमें से 41,340 प्रतिमाएं घरों में स्थापित हुई थीं, 429 प्रतिमाएं सार्वजनिक पंडालों की थीं और 6,260 मूर्तियां देवी गौरी की थीं। अधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला। मुंबई में पांचवें दिन रविवार को 31,365 मूर्तियां विसर्जित की गई थीं।

# ईईएफ 2022 के प्रतिभागी आर्कटिक अर्थव्यवस्था, रचनात्मक उद्योगों और स्वास्थ्य सेवा के विकास पर करेंगे चर्चा

**7वें पूर्वी** आर्थिक मंच (ईईएफ) का आयोजन व्लादिवोस्तोक में 5-8 सितंबर के दौरान होगा। यह आयोजन 2021-2023 में आर्कटिक परिषद की रूस की अध्यक्षता की कार्य योजना और रोसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहे आर्कटिक से संबंधित अन्य इवेंट्स के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। रूसी राष्ट्रपति के सलाहकार और ईईएफ आयोजन समिति व आर्कटिक परिषद की रूसी अध्यक्षता की आयोजन समिति के कार्यकारी सचिव एंटोन कोब्याकोव ने कहा, 'पूर्वी आर्थिक मंच जैसे एक महत्वपूर्ण संचार मंच पर आर्कटिक एजेंडा को लेकर आयोजन से सुदूर उत्तर की समस्याओं और संभावनाओं पर अतिरिक्त ध्यान आकर्षित करने में मदद मिलेगी। प्रमुख विशेषज्ञ आर्कटिक क्षेत्र के आर्थिक विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और उत्तर में रचनात्मक उद्योगों के प्रगतिशील विकास पर चर्चा करेंगे। सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम 2022 में आर्कटिक परिषद की रूसी अध्यक्षता के आयोजनों से प्राप्त सफल अनुभव ने आर्कटिक के विकास के बारे में चर्चा



के महत्व को रेखांकित किया है। ईईएफ 2022 में 2021-2023 की आर्कटिक परिषद की रूसी अध्यक्षता से संबंधित कई कार्यक्रम होंगे। ऐसा ही एक कार्यक्रम 'आर्कटिक में निवेश एवं व्यापार' नाम से बिजनेस ब्रेकफास्ट के प्रारूप वाला एक सम्मेलन होगा, जिसमें प्रतिभागी फार ईस्टर्न प्रेफरेंशियल रिजाइम्स (उन्नत विशेष आर्थिक क्षेत्र एवं व्लादिवोस्तोक के मुक्त बंदरगाह) और आर्कटिक जोन ऑफ दी रशियन फेडरेशन (AZRF) के प्रशासन दोनों पर चर्चा करेंगे, जिसे विशेष रूप से सुदूर उत्तर के लिए विकसित किया गया है। प्रमुख रूसी कंपनियों और प्रमुख एजेंसियों के विशेषज्ञ आर्कटिक में सहयोग करने के लिए रूसी और विदेशी भागीदारों की संभावनाओं व नए लॉजिस्टिक्स चेन के निर्माण के दौरान उत्तरी समुद्री मार्ग (एनएसआर) के विकास के अवसरों पर चर्चा करेंगे। डेवलपमेंट फोर रशियन फार ईस्ट एंड दी आर्कटिक के मिनिस्टर अलेक्सेइ चेकुनकोव ने कहा, सुदूर पूर्वी और आर्कटिक क्षेत्रों को उद्यमिता की भागीदारी और कंपनियों के देश व अन्य व्यावसायिक संस्थाओं के साथ सीधे संपर्क के बिना विकसित नहीं किया जा सकता है। AZRF सरकार से समर्थन के विभिन्न उपायों पर सफलतापूर्वक अमल करा रहा है और प्रेफरेंशियल रिजाइम्स सबसे अहम उपायों में से एक है। एक नई चुनौती एनएसआर का विकास करना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ सफलता से इसका एकीकरण करना है। सरकार और व्यापारिक समुदाय के बीच उत्पादक सहयोग का शुक्रिया, हम उन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे जो एनएसआर के साथ कार्गो ट्रैफिक बढ़ाने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

# आश्चर्य, क्या अशोक स्तम्भ का उपयोग सही है?




**मुंबई हलचल / अशोक भाटिया**

**वसई। सर्वविदित है कि भारत सरकार ने आम जनता को तिरंगे के उपयोग की छूट 14 से 16 अगस्त तक की दी थी पर लोगों के यहां आज भी सुबह शाम तिरंगा लगा है व गाड़ियों पर भी लहरा रहा है। अब आश्चर्य की बात यह है कि किसी ने अशोक स्तम्भ अपनी दुकान के आगे लगवा लिया है। मुझे लगता है कि यह गैरकानूनी है यदि गैरकानूनी है तो सरकार को तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए। यह स्तम्भ नालासोपारा पूर्व में फायर ब्रिगेड के पीछे की गली में दांत के दुकान के बाहर लगा है। पुलिस प्रशासन और सरकार इस पर उचित कार्यवाही करें।**






**दैनिक मुंबई हलचल**

## जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

# काव्य कॉर्नर फाउंडेशन- एकलव्यम द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में देश-विदेश के गुरुजनों का सम्मान: डॉ. पूजा गंगानिया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** कला, संस्कृति, साहित्य एवं समाज सेवा को समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था(गवर्नमेंट अप्रूव्ड, एनजीओ) काव्य कॉर्नर फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस पर 60 से अधिक देश-विदेश के शिक्षकों को 'एकलव्यम शिक्षक सम्मान -2022' से सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार काव्य कोर्नर फाउंडेशन की संस्थापिका डॉ पूजा गंगानिया ने बताया कि देश को सभ्य एवं शिक्षित भविष्य देने हेतु कृष्ण गोपाल सोलंकी,अर्चना सिंह, पूजा शुक्ला,प्रतिमा दुबे,पूनम सिन्हा प्रीत,सीमा वत्स, डॉ विपुल कुमार भवालिया, गुरुदीन वर्मा, डॉ. जबराराम कंडारा, नूतन शर्मा, स्मृति चौधरी, रेखा मल्हान, जिज्ञासा चौहान, श्रीमती शीला देवी, अजयवीर सिंह कुशवाहा, शिवम तिवारी, निर्भय राजपूत, अभिषेक



बिश्नोई, रजत प्रभाकर,अंजनी कुमार द्विवेदी, अमित कुमार, अंकित, मोनू कुमार, इंदु शुक्ला, संतोष कालरा, रूबी गहलोत, डॉ विनोद प्रसून, ओमप्रकाश लववंशी,इंदु शर्मा, प्रीति चौधरी 'मनोरमा, अमिता मिश्रा,श्रीमती अंजू मल्होत्रा, डॉ. तरुणा माथुर, अंबिका श्रीवास्तव, अनुप्रिया, डॉ नीरा प्रसाद, शिवांगी सिंह, मुकेश बिस्सा, श्री चंद्र भानु मिश्र, सुधाकर सिंह, आशीष रंजन, अब्दुल रहमान। मीनू वाला, निवेदिता सिन्हा, संजय कुमार सिंह, डॉ शशि कला अवस्थी, पूनम शुक्ला, इंजी. सचिन चतुर्वेदी, डॉ देविंदर कौर नीरज नवीन, मीता जुनेजा, मीता लुनिवाल, सरोज शर्मा भरती, डॉ राजीव कुमार पाण्डेय, उषा रानी, मीनाक्षी विश्नोई, प्रो. अनिरुद्ध प्रसाद, विजय सिंह, आर. सी. यादव, सरोज चौहान, शालिनी वर्मा, युगेश्वरी साहू जी एवं प्रवेंद्र पंडित आदि को एकलव्यम शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। काव्य कोर्नर फाउंडेशन के कार्यकारी अध्यक्ष राजपाल यादव समेत संस्था की समस्त टीम ने सभी सम्मानित शिक्षकों को पूरे काव्य कॉर्नर फाउंडेशन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ दी है।

# रावणा राजपूत समाज के भामाशाहों एवम ट्रस्टियों का सम्मान समारोह 11 सितंबर को भीलवाड़ा में

**(निडर पत्रकार एवं मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ शिरकत करेंगे)**

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** सर्व रावणा राजपूत सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष भंवर सिंह भाटी ने बताया कि श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला समाजसेवी दलपतसिंह सांखला जयपुर हाइफा हीरो भवन एवं छात्रावास पर 11 सितंबर को आयोजित होने वाले ट्रस्टियों व भामाशाहों के सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष भाटी ने बताया कि 23 सितंबर को जोधपुर स्थित रावण का चबूतरा मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महासम्मेलन के लिए भीलवाड़ा के समाजबंधुओं




को पीले चावल देकर प्रचार प्रसार की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने ये भी बताया कि 11 सितंबर को दोपहर 12 बजे से समाज के छात्रावास पर छात्रावास निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों एवं ट्रस्टियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। रावणा राजपूत समाज के युवा नेता एडवोकेट पीरु सिंह गौड़ के निमंत्रण पर होने वाले इस सम्मान समारोह में मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ भी शिरकत करेंगे तथा रावणा राजपूत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रय सिंह भाटी व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोढ़ाला से मुलाकात करेंगे।

# सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अब्दुल अजीज खान ने प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के सम्मानित चिन्ह का विमोचन किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** सर्वोच्च न्यायालय के तेज तर्रार अधिवक्ता व प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के कानूनी सलाहगार अब्दुल अजीज खान ने प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के सम्मानित चिन्ह का विमोचन किया और पूर्णरूप से सहयोग करने की बात भी कही। खान ने राजस्थान संपादक




भैरु सिंह राठौड़ से बातचीत करते हुए कहा कि मैं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के सभी सदस्यों को निस्वार्थ भाव से कानूनी सलाह दूँगा और मैं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पाण्डेय का आभार व्यक्त करता हूँ कि जो उन्होंने हमें ट्रस्ट का चिन्ह देकर सम्मानित किया है। प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट देश की अखण्डता और पत्रकार भाइयों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। अब्दुल अजीज खान ने देश के सभी पत्रकारों को प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट से जुड़ने के लिए आग्रह किया है। प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पाण्डेय मुम्बई से दिल्ली पहुँच कर अब्दुल अजीज खान का सम्मान किया हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट का हर पदाधिकारी बहुत ही सक्रियता और निष्ठापूर्ण कार्य कर रहा है।

# अब अंतरराष्ट्रीय मोबाइल चोर गिरोह के फरार सदस्यों की भी तलाश करवाने में जुटे कानपुर के डीसीपी साउथ

**मुंबई हलचल / सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां मोबाइल चोरों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफल रही साउथ पुलिस अब इस गिरोह के फरार सदस्यों की तलाश में भी लगातार जुटी हुई है। सूत्रों का दावा है कि अगर इस अंतरराष्ट्रीय चोर गिरोह के अन्य सदस्य भी अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने में सफलता मिलती है तो मोबाइल चोरी और लूट की और भी घटनाओं का खुलासा हो सकता है। अवगत कराते चलें कि बाबूपुरवा पुलिस अब तक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि कई अन्य सदस्य फरार बताए गए हैं जिनकी तलाश में छापे भी मारे जा रहे हैं। वहीं गिरफ्तार किए शातिरों के पास से 106 चोरी के मोबाइल और 25 लाख कीमत की 1.850 किलो चरस बरामद की जा चुकी है। चोरी के 106 मोबाइल और लाखों रुपए कीमत की चरस भी बरामद करते हुए इस गिरोह का सटीक भंडाफोड़ करवाने वाले और हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निष्पक्ष और

**- जेल भेजे गए गिरोह के दो सदस्यों से चोरी के 106 मोबाइल और चरस भी बरामद कर चुकी साउथ पुलिस**

**- विभिन्न राज्यों में मोबाइल चोरी की दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुके शातिर**

पारदर्शी कार्यशैली के बेहद तेजतर्रार और व्यवहार कुशल यहां के डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार के मुताबिक बब्लू जिलानी का हाता बम पुलिस मैदान के पास कर्नलगज निवासी परवेज उर्फ चिकना और मुंशीपुरवा डाकखाना शहीद पार्क निवासी शाहरुख उर्फ नूर आलम अब तक विभिन्न राज्यों में भी मोबाइल चोरी की सैकड़ों घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक मोबाइल चोरों के इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह के खुलासे में मिली सफलता डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार की नेतृत्व कुशलता का ही परिणाम है। जहां तक डीसीपी साउथ के रुप में कर्मठ आईपीएस प्रमोद कुमार की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले, पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब दक्षिण पुलिस के उपायुक्त प्रमोद कुमार के निर्देश पर ही पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# अखिल भारतीय देवंवशीय मालवीय लोहार समाज की बैठक रणछोड़ भगवान मंदिर में हुई आयोजित



**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**बांता** कस्बे के रणछोड़ भगवान मंदिर परिसर में ट्रस्ट कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष प्रभुलाल रामाजी गुडा की अध्यक्षता में मंगलवार को देव झुलनी एकादशी पर आयोजित की गई जिसमें मंदिर नवनिर्माण एव मंदिर परिसर विकास हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। देव झुलनी एकादशी पर उपस्थित समाज बंधुओं को ट्रस्टीगण द्वारा मंदिर में आने के रास्ते अवरुद्ध होने पर प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की गई। यह रहे उपस्थित बाबुलाल आसोरीया, भंवरलाल सोमेसर, शिवलाल, जगदीश, राजुभाई गोदावास, श्रवण लोलावास,गगन मालवीय, गणपतलाल, घनश्याम बांता, मदनलाल,अमृतलाल, सुरेश, रमेश, गोविंद, मुकेश, हनुमान, देवाराम, राजू ,भंवर लाल,मीठालाल कोदरा, रामलाल मालवीय, प्रकाश मालवीय अन्य समाज बंधु उपस्थित थे।

# श्रीगंगानगर में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान में शिक्षिका पायल शर्मा सम्मानित

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** श्रीगंगानगर जिले की विज्ञान की शिक्षिका पायल शर्मा को श्रीगंगानगर में आयोजित कार्यक्रम शिक्षा विभाग व प्रशासन और श्रीगंगानगर के विधायक राजकुमार गौड़ के कर कमलो से शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया इस



अवसर पर पायल शर्मा को बधाई दी है। सम्मान प्राप्त होने के बाद पायल ने विधायक एव अन्य अधिकारियों से भेंट कर इस उपलब्धि की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पायल शर्मा बच्चों और आमलोगो के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार -प्रसार के लिए लगातार कई वर्षो से कार्य करती हैं व वर्तमान में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय 3 ओ में सेवाऐ दे रहे हैं। गौरतलब हैं कि पायल शर्मा जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता प्रभा शर्मा की होनहार बेटी है।

# मंडावर में शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** राजसमंद जिले के भीम उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडावर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावर में समाजसेवी लोको पायलट जसवंत सिंह चौहान मंडावर के सानिध्य तथा प्रधानाचार्य संगीता मीना की अध्यक्षता में मंडावर शिक्षक रत्न अवार्ड समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रभु दयाल नागर, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता धन्ना लाल सेन, भीम देवगढ़ विधानसभा युवा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत, राउप्रावि चतरपुरा प्रधानाध्यापक श्रद्धा कुमारी, ढाक का चौड़ा प्रधानाध्यापक विनोद कुमार बिश्नोई थे। अतिथियों का तिलक लगाकर, उपरना व साफा पहनाकर स्वागत किया। शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन कर्ता लोको पायलट जसवंत सिंह मंडावर ने शिक्षक को समाज व राष्ट्र निमार्ता बताते हुए शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। शिक्षक ही समाज को दशा व दिशा बदल सकता है। प्रभु दयाल नागर ने मगरा व भीम क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र में आई नवीन क्रांति के बारे में अवगत कराया, जिसमें शिक्षक समाज का योगदान



बताया। इस अवसर पर उप सरपंच सुभाष सिंह, वार्ड पंच सुगना देवी, पूर्व उप सरपंच चतर सिंह, एसएमसी अध्यक्ष रूप सिंह पंवार, मिठू सिंह पटवारी, लुंब सिंह मंडावर, पूरन सिंह डूंगावत, घीसा सिंह, छगनलाल चावला, प्रभु सिंह, मदन सिंह, तिलोक सिंह, लाल सिंह, कृष्णा चौहान, कौशल्या देवी, प्रधानाध्यापक श्रद्धा कुमारी व विनोद कुमार बिश्नोई, नरेंद्र घोसलिया, पारस मल प्रजापति, अनिल डूकिया, गिरधारी लाल रेगर, प्रताप सिंह चौहान, वस्तु सिंह, पारस रावल, रविंद्र सिंह, राजकुमार आदि उपस्थित थे। संचालन अध्यापक मुरलीधर मालवीय ने किया। इनका किया गया सम्मान। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मंडावर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक कार्य सहित सह शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधानाचार्य संगीता मीना, वरिष्ठ अध्यापक बिजेंद्र सिंह, जगदीश लाल चावला, शंभू दयाल टांक, सुल्तान सिंह, सुभाष यादव, पवन कुमार बुनकर, मुरली धर मालवीय , शारीरिक शिक्षक बलवंत सिंह चौहान, गोरूलाल मीना, धीरज हरी गौड़ सहित कुल 11 शिक्षकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आसींद नगरपालिका की अनदेखी व लापरवाही का शिकार हो रही हैं कौशल्या देवी

## आसींद नगरपालिका में भीलवाड़ा कलेक्टर के आदेश को भी तवज्जो नहीं

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राजनीतिक दबाव में आकर सरकारी आदेश की अवहेलना करना आजकल अधिकांश राजनेताओं का शगल बन चुका है। जिसके चलते राजनेताओं के सामने सरकारी आदेश बौने साबित होते जा रहे हैं। ऐसे ही एक सरकारी आदेश को राजनीतिक दबाव के चलते अनसुना करके अंजान बनने का मामला सामने आया है जहां चार महीने पहले बकायदा भीलवाड़ा कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश को कोई तवज्जो नहीं देते हुए रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। उक्त मामला भीलवाड़ा जिले की आसींद नगरपालिका का हैं। आसींद नगरपालिका के अंतर्गत वार्ड नंबर 22 में रहने वाली कौशल्या देवी पत्नी रतन सिंह ने अपने मकान के मेन गेट के बाहर जमा हो रहे गन्दे पानी की निकासी हेतु जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को एक शिकायत की थी। जिस पर जिला कलेक्टर ने 20 मी 2022 को अपने जन सुनवाई आदेश क्रमांक 2022/ 5006 के तहत आसींद नगरपालिका को उक्त महिला कौशल्या देवी पत्नी रतन सिंह के प्रार्थना पत्र पर आदेश की अनुपालना करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करके अवगत कराने के लिए आदेश दिया था मगर चार महीने बाद भी ना तो भीलवाड़ा कलेक्टर के आदेश की अनुपालना



की गई और ना ही कौशल्या देवी के मकान के बाहर जमा हो रहे गन्दे पानी के लिए नाली निर्माण का कार्य कराया जा सका है। जब राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ ने उक्त जगह मौके पर जाकर देखा तो स्थिति बद से बदतर मिली जिसमें आसींद नगरपालिका की लापरवाही सामने नजर आई। पुख्ता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कौशल्या देवी के मकान के बाहर नाली निर्माण नहीं होने से बरसात का पानी तो जमा होता ही है मगर असामाजिक तत्वों द्वारा द्वेशतावश अपने मकान का गन्दा पानी भी अनलीगल तरीके से कौशल्या देवी के मकान के बाहर छोड़ा जाता हैं जिसके चलते कौशल्या देवी के परिवार का जीना दुभर हो रहा हैं। ऐसा नहीं कि कौशल्या देवी ने इस बारे में नगरपालिका को अवगत नहीं कराया हो, कितनी बार आसींद नगरपालिका को अवगत कराया जा चुका पर वो भी शायद राजनीतिक दबाव के आगे बेबस और लाचार हैं या फिर कानों में पतंजलि वाला सरसों का तेल डालकर जनसमस्याओं को अनदेखा करके चैन की नींद सो रही हैं। सूत्रों के अनुसार कौशल्या देवी के मकान के बाहर गंदा पानी डालने वाले असामाजिक तत्वों को सत्तासीन राजनेता का वरदहस्त प्राप्त हैं, जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं।

# शिवसेना के सम्मान समारोह मारपीट के मामले में दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** जब नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह चल रहा था, तो दमन और धमकाने की राजनीति करने वालों ने ही हमारे कार्यक्रम पर कायरतापूर्ण हमला किया।क्या यह हमारी गलती है कि हमने संयम की भूमिका निभाई? जब पुलिस प्रशासन मौजूद है और सभी वीडियो मोबाइल फोन में दिखाई दे रहे हैं, तब भी हमले के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में देरी क्यों? शिवसेना के जिलाध्यक्ष जलिंधर बुधवत ने सीधे जिला प्रशासन से यह सवाल किया और घटना का विरोध करते हुए निवेदन दिया.घटना का वीडियो उपलब्ध होने के बावजूद असली दोषियों के समर्थन में कार्रवाई की जा रही है। यह मामला गंभीर है। इस घटना को गंभीरता से लिया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नहीं तो शिवसेना को आंदोलन की मुद्रा लेनी पड़ेगी, शिवसेना की ओर



से चेतावनी दी गई है। निवेदन देते समय जिल्हा प्रमुख जालिंधर बुधवत, उपजिल्हाप्रमुख संजय हाडे, अशोक इंगळे, लखन गाडेकर, हेमंत खेडेकर, वैद्यकीय आघाडी तालुका प्रमुख डॉ. अरुण पोफळे, अल्पसंख्याक जि.प्र.सय्यद इकबाल, नीलेश राठोड, एकनाथ कोरडे, सुधाकर आघाव, विजय इतवारे, जगदिश मानवतकर, मोहन राजपूत, प्रविण सोनुने, गणेश श्रीवास्तव, विजय अजबसिंग राजपूत, विनोद गायकवाड, नितीन लोंढेकर, रामेश्वर बुधवत, अरुण बावणे, उमेश सोनुने, मंगेश इंगळे गजानन भिंगारे, प्रफुल्ल जायभाये रवि काकडे, किरण दराडे, सोनू पाटील, मधुकर रामचंद्र वराडे राहुल जाधव, जितेंद्र भाकरे, संतोष जंजाळ, शेषराव सावळे, संभाजी देशमुख, मधुकर महाले, मधुकर सिनकर, किसन पवार, किशोर कानडजे, सचिन परांडे इन के साथ अन्य शिवसेना के पदाधिकारी मौजूद थे।

# होटल में आग, धुएं की घुटन के बीच ज़िन्दगी बचाने को मची चीख पुकार

**मुंबई हलचल / अरमान उल हक**

**लखनऊ।** सुबह साढ़े सात बजे का वक्त था हजरत गंज के लेवाना सुइट्स होटल से अठारह कमरों में 36लोग गहरी नींद में सो रहे थे।अचानक होटल की दूसरी मंज़िल से धुआं निकलने लगा धुएं का गुबार होटल के कमरों तक पहुंचा तो लोगों की सांसे फूलने लगीं कुछ लोग जागे और जब दरवाजा खोला तो कुछ दिखाई नहीं दे रहा था बिजली गुल थी और कमरे के आगे बरामदे में धुएं का गुबार था।इसके बाद चीख पुकार मच गई। होटल की दूसरी व तीसरी मंज़िल पर ज़िन्दगी बचाने की जंग शुरू हुई जो जैसे था वैसे ही भागने की कोशिश करने लगा। कुछ लोग कमरे में ही फंसे रहे। निकलने की कोशिश की तो



बाहर धुएं से सांस लेना मुश्किल हो गया जब चीख पुकार मची तो होटल स्टाफ को खबर लगी पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। हजरत गंज से फायर सर्विस की गाड़ियां पहुंच गईं सीढ़ी लगाकर होटल के शीशे तोड़ने कि कोशिश शुरू हुई लेकिन खिड़कियों विशेष तरह के लोहे कि ग्रिल लगी होने की वजह से तोड़ना मुश्किल हो गया। जैसे तैसे कुछ कमरों के शीशे तोड़कर लोगों की जान बचाई गई।

# मानव सेवा समिति के सहयोग से पौधे लगाकर बेटी के जन्मदिन को यादगार बनाया



**मुंबई हलचल / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**अबोहर।** यह लगातार तीसरा साल है जब मार्किट कमेटी, अबोहर में तैनात मंडी सुपरवाइजर श्री सुमित कुमार द्वारा अपनी बेटी निवीता के जन्मदिन पर मानव सेवा समिति के सहयोग से सड़क किनारे पौधारोपण करके ट्री गार्ड फिट करने की सेवा निभाई गई है। आज की सेवा के लिए श्री सुमित कुमार द्वारा संस्था को करीब एक महीना पहले ही सूचित कर दिया गया था और आज श्री सुमित कुमार की इच्छा के मुताबिक उनकी बेटी निवीता के जन्मदिन की खुशी में नीम का पौधा लगाया गया है। इस पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी संस्था द्वारा ली गई है। संस्था द्वारा पूरे परिवार को बेटी निवीता के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी जाती है और परमात्मा से सारे परिवार के लिए तंदुरुस्ती और खुशियों भरे जीवन की दुआ की जाती है।

# झारखंड में सोरेन सरकार ने जीता विश्वास मत

**मुंबई हलचल / अरमान उल हक**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा में सोमवार को विश्वास मत हासिल कर लिया। विधानसभा के विशेष सन में मुख्यमंत्री की और से पेश विश्वास प्रस्ताव पर हुए मत विभाजन में महागठबंधन सरकार के समर्थन में अड़तालिस मत पड़े जबकि विपक्ष के वॉकआउट के कारण उनकी गिनती शून्य रही। लगभग पौने दो घण्टे तक चली सदन की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्षी दल भाजपा पर जमकर निशाना साधा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ये करेंगे तो तेजी से बढ़ेगा आपका hemoglobin



अगर आपको रोजमर्रा के कामों में थकान, कमजोरी, सांस फूलने की समस्या हो रही हो तो सचेत हो जाइए ये शरीर में हीमॉग्लोबिन की कमी के लक्षण हो सकते हैं। एक साधारण जांच से इसकी जानकारी हो सकती है। अगर वास्तव में शरीर में हीमॉग्लोबिन कम है तो आप अपने खानपान में बदलाव करके बहुत कम समय में हीमॉग्लोबिन की मात्रा बढ़ा सकते हैं।

## ऐसे बढ़ा सकते हैं शरीर में हीमॉग्लोबिन

एक स्वस्थ व्यस्क व्यक्ति के शरीर में 14 से 18 मिलीग्राम और एक व्यस्क महिला के शरीर में 12 से 16 मिलीग्राम हीमॉग्लोबिन होनी चाहिए। अगर शरीर में इसका स्तर इससे कम है तो फिर इन उपायों की मदद से हीमॉग्लाबिन की मात्रा बढ़ाई जा सकती है:

**हरी सब्जियों से** - हरी सब्जियों में आयरन होता है। यही आयरन तत्व हमारे खून में हीमॉग्लोबिन नाम के प्रोटीन का मुख्य घटक है। इसलिए आयरन या लौह तत्व वाली चीजों को खाने से शरीर में अपने आप हीमॉग्लोबिन बढ़ता है। मेथी, पालक जैसी हरी सब्जियां खाने से शरीर में हीमॉग्लोबिन तेजी से बढ़ता है।

**विटामिन सी युक्त फल खाएं** - केवल आयरन से भरपूर चीजें खाना ही काफी नहीं है। कई बार बहुत से कारणों से हमारा शरीर आहार में मौजूद आयरन का अवशोषण नहीं कर पाता। विटामिन सी की मौजूदगी इस मामले में हमारे शरीर की मदद करती है। इसलिए विटामिन सी वाले फल, सब्जियां खाने से भी हमारा हीमॉग्लोबिन बढ़ता है।

**फोलिक एसिड लें** - फोलिक एसिड एक बी कॉम्प्लेक्स विटामिन है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को बनाता है। इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियों, चावल, अंकुरित, सूखे सेम, गेहूं के बीज, अनाज, मूंगफली, केले खाए जा सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टरी सलाह से फोलिक एसिड वाले सप्लीमेंट भी लिए जा सकते हैं।

**चुकंदर का रस** - चुकंदर खाने से या उसका रस पीने से हीमोग्लोबिन को बढ़ाने मदद मिलती है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड, फाइबर, और पोटैशियम ज्यादा मात्रा में होता है। ये शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या को बढ़ाता है।

**नियमित कसरत करें** - रोजाना करने से शरीर में खून का दौरा बढ़ेगा, नियमित कसरत करने से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं बढ़ती हैं।

# सिर्फ हेल्थ ही नहीं, स्किन और ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद है कड़वा करेला



## स्किन के लिए फायदेमंद है करेला

करेला अपने अलग स्वाद के लिए जाना जाता है। अपने कड़वे स्वाद के कारण ही बहुत कम ही लोग हैं जो करेला खाना पसंद करते हैं लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि करेला सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं बल्कि आपकी स्किन और ब्यूटी के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। इस क्रंची वेजिटेबल के कुछ जादुई फायदे हैं जो आपकी स्किन को नैचरली ब्यूटीफुल बना देता है। यहां हम आपको करेले के ऐसे ही पांच ब्यूटी बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं...

**ऐंटी एजिंग** - अगर आप उम्र को मात देना चाहती हैं तो आज ही करेला खाना शुरू करें। करेले में काफी ज्यादा मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो कि आपके बढ़ती उम्र की रफ्तार को धीमा कर सकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप ढेर सारे तेल में फ्राई करके करेला खाएं। ऐसा करने की बजाए करेले को उबालें, उसमें नींबू का रस और नमक डालकर खाएं और फायदा आपको काफी जल्दी ही देखने को मिलेगा।

**ब्लड प्यूरोफायर**

करेला ऐंटिऑक्सिडेंट के मामले में काफी रिच होता है जो कि शरीर के तकरीबन सभी नुकसानदेह टॉक्सिन्स और अशुद्धियों को निकालकर स्किन को शुद्ध, खूबसूरत और हेल्दी बनाता है।

**स्किन क्लेन्जर** - दो चम्मच करेले के जूस में 2 चम्मच ऑरेंज जूस मिलाकर इस मिश्रण को कॉटन बॉल से चेहरे पर लगाकर साफ करें। जब आपका फेस ड्राई हो जाए तो आप इसे नॉर्मल पानी से धो लें। आपको खुद एहसास होगा कि आपकी त्वचा पहले से ज्यादा ग्लोइंग दिख रही है।

**ऐंटी-माइक्रोबियल** - अगर आपकी स्किन पर अक्सर कील-मुंहासे, रैशेज और पिंपल्स होते रहते हैं तो ऐसे में हर रोज अपने पसंदीदा वेजिटेबल के साथ मिक्स करके करेले का जूस पिएं। जल्द ही आपकी स्किन से जुड़ी हर तरह की समस्या खत्म हो जाएगी और आपकी त्वचा पहले से ज्यादा चमकदार हो जाएगी।

**नैचरल ग्लो** - चेहरे के नैचरल ग्लो के लिए करेले का फेसपैक एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। मार्केट में करेले के ऐसे कई फेसपैक उपलब्ध हैं। अगर आप रेडिमेड फेसपैक नहीं खरीदना चाहती तो एक करेला उबालें, इसमें से बीज निकाल दें और इसकी प्यूरी बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। इस मिश्रण को कुछ देर तक ऐसे ही लगाकर छोड़ दें, जब ये सूख जाए तो इसे नॉर्मल पानी से धो लें। स्किन पर नैचरल ग्लो लाने के लिए इसे सप्ताह में एक बार जरूर ट्राई करें।



# सर्दियों में ब्यूटी क्रीम की जगह इन तेलों का करें इस्तेमाल

## स्किन के लिए फायदेमंद हैं इसेंशियल ऑइल



सर्दियों के मौसम में कई तरह की सेहत से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सर्दी, जुकाम, सिर दर्द और बुखार से सभी लोग हर दूसरे दिन परेशान रहते हैं। इसके अलावा सर्दियों में सेहत के साथ-साथ स्किन से जुड़ी समस्याएं भी होती हैं। स्किन काफी ड्राई होकर फटने लगती है और मॉइश्चर की कमी हो जाती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे इसेंशियल ऑइल के बारे में बता रहे हैं जो आपकी ड्राई स्किन को हील कर हेल्दी बनाएंगे और आपको मिलेगी ग्लोइंग त्वचा।

**टी ट्री ऑइल** - सर्दियों में स्किन को हेल्दी रखने के लिए टी ट्री ऑइल परपेक्ट है। यह कील-मुंहासों और पिंपल को दूर करने का सबसे बेहतर तरीका है। सर्दी में अगर आपकी त्वचा सारे उपाय करने के बाद भी ड्राई रह जा रही है तो टी ट्री ऑइल के साथ हनी मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन की ड्राईनेस भी चली जाएगी और त्वचा को नैचरल ग्लो भी मिलेगा।

**ऑर्गेनो ऑइल** - ऑर्गेनो इसेंशियल ऑयल शरीर में मौजूद सेल्स की रिजनेरेशन का काम करता है। आपके त्वचा को समय से पहले ढलने से बचाता है साथ ही साथ स्किन की फाइन लाइन और झुर्रियों को दूर करता है। इसके अलावा अगर आप हेयर फॉल की समस्या से परेशान हैं तो इस ऑइल के इस्तेमाल से आपको इस समस्या से निजात मिल सकती है।

**यूकेलिप्टस ऑइल** - स्किन के लिए ये इंसेशियल ऑइल बेहद फायदेमंद है। अगर हर रात सोने से पहले इस ऑइल को स्किन पर लगया जाए तो त्वचा से पिंपल और दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और स्किन फ्लॉलेस और ग्लोइंग हो जाती है।

**लैवेंडर ऑइल** - इस इसेंशियल ऑइल की खुशबू काफी रिलैक्सिंग होती है। अगर आपकी स्किन में किसी भी तरह की इचिंग हो रही है तो ऐसे में इस ऑइल का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है। इस ऑइल के यूज से आप सूरज की हानिकारक अल्ट्रावॉयलट किरणों और प्लूशन से बच सकते हैं।

**आमंड ऑइल** - आमंड आइल या बादाम का तेल त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर में पूरे समय नमी बनी रहती है खासकर सर्दियों में इसका जरूर इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि इसी समय स्किन से जुड़ी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# राहुल गांधी की दीवानी थीं करीना कपूर

**बॉलीवुड** की बेबो कही जाने वाली करीना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गयी हैं। दरअसल फिल्म इंडस्ट्री में वैसे तो करीना कपूर के अफेयर के बारे में काफी चर्चे सुनने को मिलते हैं। लेकिन क्या आपको पता हैं की सैफ अली खान और शाहिद कपूर के अलावे भी करीना कपूर को किसी शख्स पर क्रश था। इन दोनों के साथ तो करीना का रिश्ता जग जाहिर था। लेकिन एक  जिस शख्स पर करीना कपूर फिदा हुआ करती थी उनका नाम सुनकर तो आप भी पक्का शॉक ही होने वाले हैं। दरअसल सोशल सोशल मीडिया पर करीना कपूर का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं। वही ये वीडियो सिमी गरेवाल के टॉक शो की हैं। जहां करीना कपूर खान ने एक टॉक शो में खुद इस बात का खुलासा किया था और बताया था कि वो कांग्रेस नेता राहुल गांधी को डेट करना चाहती हैं। इसके पीछे करीना कपूर ने काफी स्मार्ट कारण भी बताया था। वही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे शो के एक वीडियो में सिमी ग्रेवाल, करीना कपूर से पूछती हैं कि वो किसे डेट करना चाहती हैं तो इसके जवाब में करीना कहती हैं, मुझे नहीं पता कि यह कहना चाहिए या नहीं, मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि यह विवादित हो...मैं राहुल गांधी को जानना चाहती हूं। करीना आगे कहती हैं। मैंने उनकी तस्वीरें मैगजीन में देखी हैं और सोचा कि उनसे बात करना कैसा होगा. मैं एक फिल्मी घराने से आती हूं और वह एक बड़े राजनीतिक परिवार से इसलिए मुझे लगता है कि हमारे बीच की बातचीत दिलचस्प होगी।

# कैटरीना ने अक्षय को बताया इंनोसेंट



**बॉलीवुड** के पॉपुलर प्रोड्यूसर और डॉयरेक्टर करण जौहर इन दिनों अपने चैट शो 'कॉफी विद करण' के जरिए लोगों को खूब एंटरटेन कर रहे है। शो का हर एक एपिसोड लोगों के एंटरटेंमेंट लेवल को और भी ज्यादा बढ़ाता जा रहा है। शो के आने वाले एपिसोड में कैटरीना कैफ नजर आने वाली है। शो के प्रोमो वीडियो को देखकर तो लगता है कि कई सारी बातें और गॉसिप होने वाली है। इसी दौरान कैटरीना कैफ अपने को-स्टार अक्षय कुमार को लेकर भी बात करने वाली है। 'कॉफी विद करण' में इसके पहले के एपिसोड में कैटरीना कैफ के पति विक्की कौशल नजर आ चुके है और अब इसके आने वाले एपिसोड में कैटरीना कैफ नजर आने वाली है। कैटरीना के आने से जाहिर सी बात है कि उनकी शादीशुदा जिंदगी और विक्की के बारे में बात होगी, लेकिन कैटरीना अक्षय कुमार के बारे में बात करती नजर आई जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कैटरीना ने अपने अब तक के फिल्मी करियर में सबसे ज्यादा फिल्में शायद अक्षय कुमार के साथ की होगी। उस दौरान कैटरीना कैफ और अक्षय कुमार के डेटिंग और लिंकअप की खबरें भी फिल्मी गलियारों में खूब चली थी। शो में जब करण ने अक्षय को लेकर सवाल किया तो कैटरीना भी खुलकर जवाब देती नजर आई। करण जौहर ने अक्षय कुमार को लेकर सवाल किया तो कैटरीना कैफ ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अक्षय एक बहुत इनोसेंट आदमी हैं।



# विजय देवरकोंडा की बढ़ी मुश्किलें

**साउथ** स्टार विजय देवरकोंडा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। विजय ने पैन इंडिया फिल्म लाइगर से बॉलीवुड डेब्यू किया था। एक्टर से लेकर निर्देशक सभी को फिल्म से काफी उम्मीदें थी। मगर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। लाइगर के बाद अब विजय को एक और बड़ा झटका लगा है। खबरों के मुताबिक एक्टर की आगामी फिल्म फिलहाल के लिए ठंडे बस्ते में चली गई है। दरअसल, लाइगर के निर्देशक पुरी जगन्नाथ ने फिल्म की रिलीज से पहले ही विजय देवरकोंडा के साथ अगली फिल्म जन गण मन की घोषणा कर दी थी। डायरेक्टर लाइगर की रिलीज के तुरंत बाद ही अपनी जन गण मन की शूटिंग शुरू करने वाले थे। ये भी घोषणा की गई थी कि फिल्म 2023 को रिलीज होगी। अगर लाइगर के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होते ही डायरेक्टर और एक्टर की सारी प्लॉनिंग पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक, पुरी जगन्नाथ और विजय ने सौहार्दपूर्ण ढंग से निर्णय लिया कि अभी जन गण मन की शूटिंग शुरू करने का सही समय नहीं है। दोनों के मुताबिक फिल्म बड़े बजट की मांग करती है और लाइगर के फ्लॉप होने के बाद वे इतनी जल्दी इतना जोखिम लेने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने महसूस किया कि अभी इस तरह की फिल्म करने का सही समय नहीं है। हालांकि, फिल्म को बंद नहीं किया गया है बल्कि कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है।